# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,नैनवॉ जिला बून्दी(राज0)

प्रार्थना-पत्र संख्या :06 / 2024
RCMS NO:- 2024/09

दायर दिनांक: 04.01.2024
पीठासीन अधिकारी :— श्रीमती प्रीति मीणा

1. दुर्गालाल आ0 कान्हा जाति धाकड नि0 सुरगली तहसील नैनवॉ।
2. मांगीबाई पुत्री कान्हा नि0 सुरगली पत्नी मोतीशंकर जाति धाकड नि0 खेडामानपुरा तहसील नैनवॉ।
3. शंकर आ0 कान्हा जाति धाकड नि0 सुरगली तहसील नैनवॉ।

—प्रार्थीगण

बनाम

1. ग्राम पंचायत बाछोला, पंचायत समिति नैनवॉ तहसील नैनवॉ।
2. भूमिधारी श्रीमान तहसीलदार साहब, नैनवॉ।

—अप्रार्थीगण —

प्रार्थना पत्रः— अंतर्गत धारा 251ए आर.टी एक्ट

उपस्थिति—
प्रार्थीगण की ओर से अधिवक्ता श्री राजेन्द्र नागर।

निर्णय दिनांक 17.6.2025

## निर्णय

संक्षेप में प्रार्थना पत्र का कथन इस प्रकार है कि ग्राम सुरगली तहसील नैनवॉ की जमाबन्दी संवत् 2076—2079 के खाता संख्या नया 28 व पुराना 28 के खसरा नम्बर 106, 116, 242, 42, 48, 61 कुल किता 6 कुल रकबा 7.9848 हैक्टयर भूमि स्थित है जो प्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी अधिकार की कृषि भूमि है जिस पर प्रार्थीगण संयुक्त रूप से खेती काश्त करते चले आ रहे है।

यह कि प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 1 मे वर्णित भूमि खसरा नम्बर 61 पर जाने का एकमात्र रास्ता ग्राम सुरगली से बाछोला जाने वाले रोड से फटकर खसरा नम्बर 65, 66 व 67 मे होकर खसरा नम्बर 348 / 685 की मेड के सहारे होता हुआ प्रार्थीगण के खातेदार अधिकार के खेत खसरा नम्बर 61 मे पहुंचता है। उक्त रास्ता करीबन 14 फीट चौडा है जिसमे होकर प्रार्थीगण अपने कृषि उपकरणों को लेकर आवागमन कर रहे है। उक्त रास्ते को परिशिष्ट अ मे लाल स्याही से दर्शाया गया है।

यह कि उक्त रास्ते की तरमीम नही होने से प्रत्यार्थीगण के मन मे बदनियती आ गई तथा उक्त रास्ते को वंद करने की धमकियां दे रहे है और कहते है कि तुम्हारे रास्ते को बंद करके ही रहेंगे और तुम्हे किसी भी किमत पर इस रास्ते से होकर आवागमन नही करने देंगे। यही प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने का कारण है। प्रार्थीगण को अधिकार प्राप्त है कि वह उक्त रास्ते का खुलासा करवाये एवं रास्ते को 30 फीट चौडा करवाकर राजस्व अभिलेखों मे दर्ज करवाये। प्रार्थी ने अपने प्रार्थना पत्र के समर्थन में परिशिष्ट क, नकल जमाबंदी, नकल नक्शा ट्रेस आदि पेश किये।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को तलब किया गया।

अप्रार्थी संख्या 1 वावजूद सूचना अनुपस्थित रहने से इनके विरुद्व एकपक्षीय कार्यवाही की जा चुकी थी। अप्रार्थी संख्या 2 तहसीलदार नैनवॉ की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है।

बहस सूनी गयी। प्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना पत्र मे वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया कि ग्राम सुरगली मे प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 61 पर जाने का एकमात्र रास्ता ग्राम सुरगली से बाछोला जाने वाले रोड से फटकर खसरा नम्बर 65, 66 व 67 मे होकर खसरा नम्बर 348 / 685 की मेड के सहारे होता हुआ प्रार्थीगण के खातेदार अधिकार के खेत खसरा नम्बर 61 मे पहुंचता है, को बहाल करवाकर राजस्व रिकॉर्ड मे परिशिष्ट अ मे बताये अनुसार दर्ज किया जावे।

हमने प्रार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता द्वारा की गयी बहस को ध्यानपूर्वक सूना। बहस मे किये गए निवेदन, प्रार्थना—पत्र, व प्रस्तुत साक्ष्य रिकॉर्ड जमाबन्दी व रास्ते के सम्बंध में तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अवलोकन किया तथा पाया कि प्रार्थी द्वारा जिस खातेदारी खेत खसरा नम्बर 61 पर जाने के लिए रास्ता चाहा गया है, पर जाने का खसरा नम्बर 66 व 67 से नक्शा मे दर्शाये अनुसार

रास्ता दिया जाना उचित होगा तथा उक्त रास्ते के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता भी नही है अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार नैनवॉ की रिपोर्ट दिनांक 02.06.2025 के अनुसार ग्राम सुरगली स्थित प्रार्थीगण की भूमि खसरा नम्बर 61 पर आने जाने के लिए खसरा नम्बर 66 व 67 मे से निम्नानुसार रास्ता दिये जाने के आदेश दिया जाकर नक्शा ट्रेस जिसमे रास्ता दर्शाया गया है, को परिशिष्ट के नाम दिया गया है, जो इस निर्णय का अभिन्न अंग होगा।

## रास्ते में प्रयुक्त होने वाली भूमि का विवरणः—

| खसरा नं0 | खातेदार | किस्म | लम्बाई | X चौडाई | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 66 | सिवायचक (सरकारी) | बंजड | 24 मीटर | X 4 मीटर | 96 वर्गमीटर<br>अर्थात 0.0096 हैक्टयर |
| 67 | सिवायचक (सरकारी) | बंजड | 2 मीटर | X 2 मीटर<br>2 | 2 वर्गमीटर<br>अर्थात 0.0002 हैक्टयर |

**कुल क्षेत्रफल = 98 वर्गमीटर या 0.0098 हैक्टयर**

तहसीलदार नैनवॉ को आदेशित किया जाता है कि नियमानुसार प्रतिकर राशि राजकोष में जमा होने के उपरांत परिशिष्ट क के अनुसार रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर मौके पर प्रार्थीगण का रास्ता बहाल करें। निर्णय आज दिनांक 17.06.2025 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर हस्ताक्षर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
नैनवा

**राजस्थान सरकार**


**NIC-BHUNAKSHA**

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)

दिनांक : 02/06/2025 12:24:12 PM

जिला : बूँदी | तहसील : नैनवा | भू. अ. नि. क्षेत्र : जजावर

ारी हल्का : उगेन | ग्राम : सुरगली




खसरा संख्या :348/68 क्षेत्रफल : 0.3236 Hectare खाता संख्या : 111पुराना खाता संख्या :1

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]:

1.) ग्राम पंचायत बाछोला आबादी भूमि हिस्सा- पूर्ण संस्था के लिये

02/06/2025

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील

पप्पू जाट
पटवारी
ग्रा.प. उगेन
तह0 नैनवाँ (बून्दी)

02/6/25

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।

२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है।

३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित जिला/तहसील कार्यालय में संपर्क करें।